तड़का में कॉकरोच मिलने पर साहू होटल का लाइसेंस सस्पेंड

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की जांच में किचन में मिली भारी गंदगी



हाजीपुर (आससे)। शहर के राजेन्द्र चौक स्थित काफी पुराने और प्रसिद्ध साहू होटल में लापरवाही बरतना महंगा पड़ गया। तड़का में कॉकरोच मिलने की शिकायत पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए होटल का खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

खाद्य संरक्षा आयुक्त, पटना को एक ग्राहक ने शिकायत भेजी थी कि साहू होटल के तड़का में कॉकरोच निकला है। शिकायत के बाद जिला पदाधिकारी के निर्देश पर 21 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होटल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान किचन में भारी गंदगी पाई गई। तैयार भोजन खुले में और अस्वच्छ जगह पर रखा गया था। यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की अनुसूची-4 और जीएमपी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

इसके बाद अभिहित अधिकारी-सह-लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 22 अक्टूबर से लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और बिना लाइसेंस संचालन पर रोक लगा दी। प्रशासन ने सभी होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि स्वच्छता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नावों की निगरानी तेज, जेठुली घाट की 3 नावें बंद

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में नावों के निबंधन और सुरक्षा मानकों की जांच तेज कर दी गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई जांच में जेठुली घाट पर तीन क्षतिग्रस्त नावें मिलीं, जिन्हें परिचालन से बाहर कर दिया गया है।

प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 236 नावें निबंधित हैं और 105 नावों के निबंधन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध निबंधन के किसी नाव का परिचालन नहीं होगा। क्षतिग्रस्त, जर्जर और असुरक्षित नावों का परिचालन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। सभी नाव संचालकों को निर्देश दिया गया है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाएं, जीवन रक्षक जैकेट रखें, सूर्यास्त के बाद नाव न चलाएं और खराब मौसम में विशेष सतर्कता बरतें। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि क्षमता से अधिक भरी नाव पर यात्रा न करें और असुरक्षित नाव की सूचना प्रशासन को दें।

युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का निर्देश

हाजीपुर (आससे)। मेरा युवा भारत की जिला सलाहकार समिति की दूसरी बैठक 22 अक्टूबर को आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर चर्चा हुई।

जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को मिलकर काम करने और अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2027 के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को सांस्कृतिक श्रेणी में भाग लेने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में व्यापक प्रचार करने को कहा गया।

डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल चेंज और युवा उद्यमी चुनौती में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विकसित भारत युवा संसद 2026-27 में 18 से 25 वर्ष के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करने का निर्देश जिला सूचना और युवा पदाधिकारी को दिया गया।

तेल प्रसंस्करण इकाई के लिए लॉटरी से चयन, गोरौल के रंजीत को मिला मौका

हाजीपुर (आससे)। राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में वैशाली में एक तेल प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी। इसके लिए जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति ने लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी का चयन किया। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध तीन आवेदन प्राप्त हुए थे। 22 अक्टूबर को आयोजित बैठक में समिति सदस्यों और आवेदकों की मौजूदगी में लॉटरी निकाली गई। इसमें गोरौल प्रखंड के इमाईलपुर निवासी रंजीत कुमार का चयन किया गया। राजापाकर के नारायणपुर बुजुर्ग निवासी राज किशोर सहनी को प्रतीक्षा सूची एक और रामाशंकर सहनी को प्रतीक्षा सूची दो में रखा गया है।

प्रस्तावित इकाई की क्षमता 10 टन प्रतिदिन होगी। इसमें डीलर, सीड क्लीनर, एक्सपेलर और फिल्टर जैसे उपकरण लगाए जाएंगे। इसके लिए अधिकतम 9.90 लाख रुपये या परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। चयन के बाद जिला कृषि पदाधिकारी सैद्धांतिक स्वीकृति और कार्यादेश जारी करेंगे।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जंदाहा-पातेपुर में चला सफाई अभियान

घाटों की सफाई कर नदी स्वच्छता की दिलायी गयी शपथ

हाजीपुर (आससे)। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के कैलेंडर के अनुसार वैशाली जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिला गंगा समिति के निर्देश पर 2 से 31 अक्टूबर तक यह अभियान जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य गंगा और उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ रखना और लोगों को जागरूक करना है।



इसी क्रम में जंदाहा और पातेपुर नगर पंचायत में नदी किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिला गंगा समिति और नगर निकायों के संयुक्त प्रयास से घाटों की सफाई की गई और लोगों को नदी में कचरा नहीं डालने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समन्वय नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी ने किया। अभियान के दौरान लोगों को कचरे के उचित निपटान के लिए जागरूक किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपील की है कि जिलेवासी नदियों की स्वच्छता को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी समझें और वैशाली को स्वच्छ और स्वस्थ जिला बनाने में योगदान दें।

तिरहुत स्नातक-शिक्षक चुनाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित, दो नंबर जारी

हाजीपुर (आससे)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए वैशाली समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभा कक्ष में यह कक्ष बनाया गया है, जहां से मतदान प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जाएगी।

मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। नियंत्रण कक्ष 22 अक्टूबर शाम 5 बजे से 24 अक्टूबर सुबह 6 बजे तक कार्य करेगा। मतदान दलों के प्रस्थान से लेकर मतदान सामग्री को मुजफ्फरपुर के एमआईटी संग्रहण केंद्र पर जमा करने तक समन्वय और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06224-260220 और 06224-260229 जारी किए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।

41 पंचायतों में लगे रविदास विकास शिविर 1008 में से 711 आवेदनों का निपटारा

हाजीपुर (आससे)। संत रविदास के 650वें जन्म वर्ष के अवसर पर सरकार के निर्देश पर वैशाली जिले में समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 22 अक्टूबर को जिले के 14 प्रखंडों की 41 पंचायतों में संत रविदास विकास शिविर आयोजित किए गए।

जिला पदाधिकारी के निर्देशन में लगे इन शिविरों का उद्देश्य अनुसूचित जाति के पात्र परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। शिविर से पहले 318 और शिविर के दौरान 690 आवेदन मिले। इस प्रकार कुल 1008 आवेदनों में



से 711 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष को संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविरों में राशन, उज्ज्वला, आयुष्मान, आवास, पेंशन, नल जल, रोजगार कार्ड, जनधन और बिजली कनेक्शन सहित कई योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है। यह अभियान प्रत्येक बृहस्पतिवार को महादलित टोलों में 15 फरवरी 2027 तक चलेगा, जिसमें 791 शिविर लगाने का लक्ष्य है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-05/2026-27

प्रथम शुद्धि-पत्र 2026-27

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-1000(अनु०) दिनांक- 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05/2026-27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र -हिन्दुस्तान में दिनांक-16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०-06/द०वि० नियम-03-08/06 (अंश)-7461(S) /पटना, दिनांक-13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-भवन/12-अभि०प्र० (यो०)-02-विविध-11/2026 9803(मं) पटना, दिनांक-15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय है:-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिदुपुर में अवैध हथियार के साथ विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध, देसी कट्टा जब्त

हाजीपुर (आससे)। बिदुपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार बिदुपुर थाना क्षेत्र में गश्ती और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बालक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया।



पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार जब्त कर बालक को निरुद्ध कर लिया है।

इस संबंध में बिदुपुर थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बालक को हथियार कहां से प्राप्त हुआ और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। वैशाली पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध हथियार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही तस्करों और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

राजापाकर में 30 लीटर शराब के साथ तस्कर धराया

हाजीपुर (आससे)। राजापाकर थाना पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में एक तस्कर को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुजीत कुमार, पिता स्वर्गीय इंद्रजीत राय, ग्राम गुरमिसमा, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह मोटरसाइकिल से शराब लेकर जा रहा था। तलाशी में उसके पास से बोरे में रखी 30 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। इस संबंध में राजापाकर थाना कांड संख्या 431/26 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शराबबंदी को लेकर जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे-01 (पश्चिम) पीओसीएसओ
(एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

कंबल के बोरों में छिपाया मिला शराब का जखीरा, पुलिस ने खोला राज

हाजीपुर (आससे)। तिरहुत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर वैशाली पुलिस अलर्ट है। इसी सतर्कता के बीच बिदुपुर पुलिस ने शराब तस्करी के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है।

सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि बिदुपुर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि चकबिहारी के कल्टू चौक स्थित एक गोदाम में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर छापेमारी की।

गोदाम के अंदर का नजारा देख पुलिस भी हैरान रह गई। बोरों में कंबल लपेटकर 210 कार्टन विदेशी शराब छिपाई गई थी, जिसकी कुल मात्रा 1814.4 लीटर है। शराब को छुपाने के लिए इस्तेमाल किए गए 50 कंबल भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गोदाम सुल्तानपुर पचढैया निवासी पन्नालाल राय का है। इसे बरबरी बरई निवासी पप्पू कुमार ने किराए पर ले रखा था। दोनों कपड़ा कारोबार की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे। बोरों पर किसी कंपनी का लेवल नहीं होने से आशंका है कि खेप सीधे गाड़ी से लाई गई थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी फरार हैं, पुलिस उनके नेटवर्क की जांच कर रही है।

खेमस जिला कमेटी की बैठक में सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय

हाजीपुर (आससे)। शहर के रामचौरा स्थित पार्टी कार्यालय में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) की जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव कामरेड रामबाबू भगत ने की, जबकि संचालन भाकपा माले के कार्यकारी जिला



सचिव कामरेड गोपाल पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खेत मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दरौली विधानसभा के पूर्व विधायक कामरेड सत्यदेव राम तथा राज्य सचिव कामरेड शत्रुघ्न सहनी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर सचिव कामरेड मजेन्द्र शाह, ऐपवा जिला अध्यक्ष कामरेड गिरिजा कुमारी, कामरेड रामनंदन राय, अरविंद ठाकुर, अर्जुन पासवान, उमेश महतो, पवन राम, जितेंद्र पासवान, बाबूलाल राय, यूनुस खान, रंजीत पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान में तेजी लाई जाएगी।

इसके लिए हाजीपुर, राघोपुर, बिदुपुर और महनार प्रखंड में कमेटी गठित की गई। कमेटियों ने सहमति दी कि वे गुरुवार से ही अपनी टीम के साथ अभियान में जुट जाएंगी और प्रत्येक प्रखंड में 4000 सदस्यता का लक्ष्य पूरा करेंगी।

संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यदेव राम ने कहा कि खेग्रामस पार्टी की रीढ़ है। गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इसकी सदस्यता जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसी संगठन के बल पर बिहार में गरीबों की जमीन पर चलने वाले बुलडोजर को रोका गया है और सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 5 डिसमिल तथा शहरी क्षेत्र में 3 डिसमिल जमीन देने की योजना इसी संघर्ष की देन है।

तीन छात्रों की मौत पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन, परिजनों को दी सांत्वना

महुआ (आससे)। महुआ नगर परिषद के वार्ड-16 महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला में सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद गुरुवार को राजद के पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। मृतकों की पहचान सोहन राय के पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भोला



(17), विनोद राय के पुत्र अमन कुमार (17) और आलोक राय के पुत्र प्रीतम कुमार (16) के रूप में हुई है। तीनों सोमवार शाम महानवमी का मेला देखकर लौट रहे थे, तभी महुआ मेडिकल कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।

डॉ. रौशन ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि तीन होनहार बच्चों की मौत पूरे महुआ के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी सत्ता पक्ष के किसी नेता ने परिवार से मिलना जरूरी नहीं समझा। जाति देखकर संवेदना व्यक्त करना शर्मनाक है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि घायल प्रीतम को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिला। इसे लेकर उन्होंने एसपी, डीएसपी और अस्पताल प्रबंधन से बात कर जांच और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही गोला रोड से अनुमंडल अस्पताल तक जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए पथ निर्माण विभाग के अधिकारी से बात की।

पंचायत सरकार भवन की बदहाली पर ग्रामीणों ने सीएम को भेजा आवेदन

हाजीपुर। लालगंज प्रखंड के एतवारपुर सिसौला पंचायत में सवा करोड़ रुपये की लागत से बना पंचायत सरकार भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भवन की दुर्दशा से नाराज करीब 100 ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से भेजकर जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2020-21 में यह भवन बनकर तैयार हुआ था। सरकार की मंशा थी कि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और पंचायत स्तर पर ही सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। लेकिन भवन बनने के बाद से यहां अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति कभी नहीं रही। जिसके कारण भवन आज असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। भवन के अंदर शराब की खाली बोतलें, गुटखा और तंबाकू के पाउच बिखरे पड़े हैं। कमरों में लगे पंखे, लाइट और स्विच बोर्ड गायब हैं, जबकि दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि भवन निर्माण में हुई अनियमितता, हैंडओवर की स्थिति और रखरखाव में लापरवाही की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरोज सेवा संस्थान का नवम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

महनार। महनार प्रखंड के बघनोचा गांव स्थित सरोज सेवा संस्थान, वैशाली का नवम वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमांडर केके जायसवाल अपनी पत्नी मंजू औहलिया के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्थान के संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुचिका श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद सरोज देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रिया राज ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सलोनी कुमारी ने मिथिला संस्कृति की झलक दिखाई।

बिहार सरकार

उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"समागार" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना-800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांक:-BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन-निजी-भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० संं०-31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० संं०-28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4-लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल-पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०-380, राजस्व ग्राम-जोड़पुरा में रकवा-6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०-354, राजस्व ग्राम-चकमेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल-मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०-340, राजस्व ग्राम-पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०-369, राजस्व ग्राम-इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०-351, राजस्व ग्राम-लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत है:-

क्रम सं०	मौजा का नाम/थाना नं०	अंचल	खाता सं०	खेसरा सं०	खतियानी रकवा (एकड़ में)	निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में)	किस्म	रैयत का नाम
1	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380	पटोरी	236	1514	0.90	0.741	परती कदीम	अलकेश चौधरी पे० स्व० सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम।
2			232	1513	1.84	1.0975	परती कदीम	अरविन्द चौधरी पे० स्व० हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम।
3			198	1874		0.372	धनहर	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
4			206	1869		0.20	मकान	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
5			362	1856	4.50	1.80	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
6	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380	पटोरी	173	1856/2219	3.780	1.415	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
7			173	1858	1.78	0.395	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
8	चकमेली नारायण, राजस्व थाना नं०-354		36	622	0.40	0.19	धनहर	सिताबलाल राय पे० स्व० देवन राय, नि० निज ग्राम।
9	निकसपुर चादर नं०-1, राजस्व थाना नं०-117	मोरवा		1132	0.02	0.02	भीठ	राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम।
10			142	2266		0.07	भीठ	नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम।
11	निकसपुर चादर नं०-2, राजस्व थाना नं०-117		347	2670		0.02	भीठ	माल्हो देवी पति स्व० देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम।
12	पचभिण्डा, राजस्व थाना नं०-340			1206		0.05		उर्मिला देवी पति स्व० बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम।
13	इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं०-369			1951		0.035		मखन राय पिता स्व० रघुनी राय, नि० निज ग्राम।
14	लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं०-351			356		0.075		असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम।

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति-2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।